कार्यालय अपर निदेशक चिकित्सा स्वा0एव परिवार कल्याण विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर

पत्रांक–अ0नि0 / वि0म0 / जन सूचना / 2024–25 /1512 दिनांक 05.03.2025

श्री योगी एम0पी0 सिंह
पुत्र– श्री राजेन्द्र प्रताप सिंह
सुरेकापुरम कालोनी जबलपुर रोड़
मिर्जापुर सिटी, मिर्जापुर, 231001

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश सूचना आयोग के नोटिस संख्या–202502509एन100027, केस संख्या 509 / ए / 0030 / 2025 पंजीकृत संख्या ए–20241200463 दिनांक 10–02–2025 के अनुपालन मे आप द्वारा मांगी गयी सूचना बिन्दुवार निम्नवत है ।

1. श्री जयचन्द मौर्या के प्रकरण मे कार्यालय द्वारा प्रकरण की जाँच की गयी एवं जाँच आख्या सम्बन्धित अधिकारी को प्रेषित कर दिया गया है उक्त प्रकरण में श्री जयचन्द मौर्या द्वारा आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी गयी थी जिसके क्रम में जाँच आख्या कार्यालय के पत्र संख्या अ0नि0 / वि0म0 / जांच आख्या / 2024–25 / 1302 दिनांक 21.01. 2025(छायाप्रति संलग्न) आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है जो श्री जयचन्द मौर्या को प्राप्त हो गयी है ।
2. कार्यालय मे रक्षित दो मूल प्रपत्र श्री जयचन्द मौर्या द्वारा कार्यालय से दिनांक 27–09–2024 प्राप्त कर लिया गया है प्राप्ति की छाया प्रति सलग्न है ।
3. दो मूल प्रपत्र जाच अधिकारी डा0 जी0प्रसाद संयुक्त निदेशक द्वारा जाँच हेतु लिया गया था जिसे आवेदक को दिनांक 27–09–2024 प्राप्त करा दिया गया है प्राप्ति की छाया प्रति सलग्न है ।
3. कार्यालय मे रक्षित दो मूल प्रपत्र गायब नही हुआ है आवेदक को दिनांक 27–09–2024 को प्राप्त करा दिया गया है प्राप्ति की छाया प्रति सलग्न है ।
4. दोनो मूल प्रपत्र आवेदक को दिनांक 27–09–2024 को प्राप्त करा दिया गया है प्राप्ति की छाया प्रति सलग्न है ।

अपर निदेशक
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर

पत्रांक–अ0नि0 / वि0म0 / जन सूचना / 2024–25 / तद्दिनांक

प्रतिलिपि– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–मा0पीठासीन अधिकारी उत्तर प्रदेश सूचना आयोग कक्ष संख्या–9 को नोटिस संख्या 202502509 एन 100027 केस संख्या 509 / ए / 0030 / 2025 पजीकृत संख्या ए–20241200463 दिनाक 10–02–2025 के अनुपालन इस अनुरोध के साथ कि वांछित सूचना योगी एम0पी0 सिंह को आनलाईन पोर्टल एवं पंजीकृत डाक के माध्यम से दिनांक 05.03.2025 को प्रेषित कर दिया गया है प्रकरण मे दिनाक 15–03–2025 को सुनवाई की तिथि है सम्बन्धित को उपरोक्तानुसार सूचना उपलब्ध करा दी गयी है कृपया प्रकरण निस्तारित करने की कृपा करें।

अपर निदेशक
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर

पत्रांक ९

प्रेषक,

अपर निदेशक,
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,
विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर।

सेवा में,

विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन,
चिकित्सा अनुभाग–3, लखनऊ।

पत्रांकः अ0नि0/वि0म0/जांच आख्या/2024–25/1302 दिनांक 21.01.2025

विषयः डा0 प्रदीप कुमार यादव, फिजीशयन, महाराजा चेत सिंह जिला चिकित्सालय, ज्ञानपुर, भदोही के विरूद्ध संस्थित अनुशासनिक कार्यवाही में स्वस्तर सें जांच कर तथ्यात्मक जांच आख्या उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्र सं0: 5–3001(099)/87/2024–चिकित्सा अनुभाग–3, दिनांक:16.12.2024 के कम में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्र सं0: अ0नि0/वि0म0/जांच आख्या/2024–25/1274 दिनांक 15/16.01.2025(छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा डा0 प्रदीप कुमार यादव, फिजीशियन, महाराजा चेत सिंह जिला चिकित्सालय ज्ञानपुर, भदोही के विरूद्ध प्राइवेट प्रैक्टिस किये जाने के आरोप में संस्थित अनुशासनिक कार्यवाही के सम्बन्ध मे जांच आख्या उपलब्ध करायी गयी है। जिसके निष्कर्ष में उल्लेखित है कि डा0 प्रदीप कुमार यादव, के विरूद्ध लगाये गये प्राइवेट प्रैक्टिस के आरोप की पुष्टि किया जाना सम्भव नही हो सका है। शिकायतकर्ता द्वारा उपलब्ध कराये गये मरीज श्रीमती सरिता मौर्या के ईलाज के पर्चो का डा0 प्रदीप कुमार यादव की हैण्डराईटिंग सत्यापन के उपरान्त ही उनके विरूद्ध लगाये गये आरोपो के सम्बन्ध में किसी निष्कर्ष पर पहुचा जाना सम्भव है।

उपरोक्त प्रकरण के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि दिनांक 20.01.2025 को शिकायतकर्ता श्री जयचन्द मौर्या अधेहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित हुए एवं उनके द्वारा डा0 प्रदीप कुमार यादव, फिजीशियन, महाराजा चेत सिंह जिला चिकित्सालय ज्ञानपुर, भदोही के विरूद्ध प्राइवेट प्रैक्टिस किये जाने के आरोप के सम्बन्ध में साक्ष्य के रूप में कुछ वीडियो क्लिप एवं अभिलेखीय साक्ष्य उपलब्ध कराया गया है। जिसके अवलोकन से यह ज्ञात होता है कि डा0 प्रदीप कुमार यादव(फिजीशियन) द्वारा छोटेलाल बिन्द हास्पिटल, बरौत, प्रयागराज में मरीज देखे जा रहे थे। जिससे यह प्रतीत होता है कि डा0 प्रदीप कुमार यादव(फिजीशियन) द्वारा उपरोक्त चिकित्सालय में तत्समय प्राइवेट प्रैक्टिस किया जाता रहा होगा।

अतः डा0 प्रदीप कुमार यादव, फिजीशियन, महाराजा चेत सिंह जिला चिकित्सालय ज्ञानपुर, भदोही के विरूद्ध तत्समय प्राइवेट प्रैक्टिस किये जाने की शिकायत की पुष्टि होती है।

उपरोक्तानुसार आख्या आपकी सेवा में सादर प्रेषित है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करने का कष्ट करें।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार अभिलेख एवं वीडियो क्लिप की पेन ड्राइव।

भवदीया

अपर निदेशक,
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,
o/c विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।

पत्रांकः अ0नि0/वि0म0/जांच आख्या/2024–25/1302 तद्दिनांक

प्रतिलिपिः महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उ0प्र0, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित

अपर निदेशक,
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,
o/c विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर।